(ix) Need for an enquiry into the malfunctioning of Sambhar Salts Limited engaged in production of salt in Jaipur district, Rajasthan

श्री कैलाश मेघवाल (टोंक) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान के जयपुर जिले में 90 वर्ग किलोमीटर में फैली सांभर लेक एशिया की प्राकृतिक नमक उत्पादन की झील है। यह झील एवं इसकी कम्पनी सांभर साल्ट्स लिमिटेड, भारत सरकार के उपक्रम हिन्दुस्तान साल्ट्स् लिमिटेड के अधीन है। इस झील में नमक उत्पादन मात्र दसवें हिस्से पर होता है जबकि 1035 एकड़ जमीन कई सालों से अतिक्रमण में है। इस कम्पनी में आज से 7-8 साल पहले 1500 श्रमिक कर्मचारी कार्यरत थे। आज स्थिति यह है कि इसमें मात्र 140 कर्मचारी कार्यरत है, जिसमें 100 से अधिक अधिकारी वर्ग है। इसका मुख्यालय भी कार्यस्थल सांभर होते हुए भी जयपुर कर रखा है। जिससे यात्रा भत्ता खर्च ही प्रतिमाह लाखों रूपयों का होता है। जबकि सांभर लेक में कम्पनी के आधिपत्य में पर्याप्त भवन उपलब्ध है। सांभर के नागरिकगण इस कम्पनी के निजीकरण की मांग करते आ रहे हैं। किंतु, केन्द्र सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। यदि कम्पनी का तत्काल निजीकरण करवा दिया जाये और झील के छोटे छोटे पट्टे दे दिये जायें तो इस क्षेत्र के हजारों बेरोजगार युवाओं व श्रमिकों को रोजगार के समुचित अवसर प्राप्त होंगे।

सांभर साल्ट्स में पिछले सालों से करोड़ों रूपयों का प्रतिवर्ष घाटा जा रहा है, जो प्रतिवर्ष बढ़ता जा रहा है और इस घाटे की पूर्ति केन्द्र सरकार से की जा रही है। अतः यहां की प्रशासकीय अव्यवस्था एवं आर्थिक घपलों की अविलम्ब जांच कराई जाये।